an>

Title: Regarding discussion on demonetisation of 500 & 1000 currency notes under Rule 184.

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : अध्यक्ष महोदया, एडजोर्नमेंट मोशन के तहत डिमोनेटाइजेशन पर चर्चा करने के लिए हमने नोटिस दिया है। इसके अलावा आपके कहने पर इसमें बदलाव करके रूल-184 के तहत चर्चा करने का आपको हमने नोटिस दिया है। जब हम रूल-56 के तहत चर्चा की मांग छोड़ कर रूल-184 के तहत चर्चा करने के लिए मान गए हैं, तो सरकार को भी नियम 193 के तहत चर्चा की बात को छोड़ कर रूल-184 के तहत चर्चा की मांग को मान लेना चाहिए, क्योंकि देश हित में हम इस बात को मान रहे हैं।

महोदया, मैं आपसे विनती करता हूं कि यह चर्चा रूल-184 के अंतर्गत शुरू कीजिए। हमारी पन्द्रह दिनों से कोशिश चल रही है कि किसी न किसी ढंग से चर्चा शुरू हो जानी चाहिए।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Madam, what we have seen in today's List of Business is that the subject of demonetization has been listed for discussion under Rule 193. All the Opposition Parties together made a fervent appeal to you as also the Government for taking up this discussion under Rule 56. Today, the Congress Party has given notice for discussion under Rule 184. My submission is that if the discussion cannot take place under Rule 56 for which I have given notice, I am prepared to withdraw my notice if you accept the discussion under Rule 184. Let this discussion take place. Please do not create pressure for discussion under Rule 193. The Government has brute majority on the floor of the House. I do not know why they are evading discussion and voting. What is wrong in it? It has never been clarified properly.

My fervent appeal would be that let the floor be honoured properly by having voting with your consent and with the consent and support of the Government.

HON. SPEAKER: Jai Prakashji and Karunakaranji, both of you want to say the same thing.

SHRI P. KARUNAKARAN (KASARGOD): We are ready to have discussion under Rule 184 instead of Rule 56. Therefore, the Government should concede this.

रसायन और उर्वरक मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री अनन्तकुमार): महोदया, खड़गे जी बहस चाहते हैं, सुदीप जी भी बहस चाहते हैं, करुणाकरण जी भी बहस चाहते हैं और इस तरफ की भी सभी पार्टियां पहले दिन से आर्थिक सुधार के विषय पर बहस चाहती हैं। विपक्ष ने पहले एडजर्नमेंट मोशन देकर रूल-56 के तहत चर्चा की मांग की थी और अब रूल-184 के तहत चर्चा की मांग कर रहे हैं, लेकिन आपके पास बहुत-सी पार्टियों ने नियम-193 के तहत चर्चा के लिए नोटिस दिया है।

मेरा इतना ही निवेदन है कि इस बात को प्रेस्टीज इश्यु न बनाया जाए और मत विभाजन न हो तथा एक सुर से संसद से काले धन, भ्रष्टाचार और आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई जाए।...(व्यवधान)

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया (गुना) : महोदया, हम भी काले धन के खिलाफ हैं, लेकिन सरकार मतदान से क्यों भाग रही है?...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : काले धन के विषय पर चर्चा में मतदान की क्या बात है?

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप हल्ला मत कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री अनन्तकुमार : महोदया, भर्तृहरि महताब जी और जितेन्द्र रेड्डी जी यानी टी.आर.एस. और बी.जे.डी. ने रूल-193 के तहत चर्चा का नोटिस दिया है, यानी ब्लैक मनी विड-आउट करने के लिए जो डिमोनेटाइजेशन का निर्णय किया है, उसके ऊपर नियम-193 के अंतर्गत चर्चा शुरू की जाए। यदि आप चाहेंगे और अनुमति देंगे तो, पहले दिन से हम कह रहे हैं कि प्रश्न काल को भी स्थगित करके रूल 193 के तहत या बिना किसी रूल के भी अभी से आप चर्चा शुरू करें।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप सभी लोग बैठ जाइए। बार-बार एक ही बात नहीं होनी चाहिए।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : महोदया, हम बार-बार नहीं बोल रहे हैं। यह 15 दिन से चल रहा है।...(व्यवधान)

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : महोदया, हम लोग बहस से नहीं भाग रहे हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने आप सभी लोगों को कहा था। There are so many parties, जिन पार्टियों ने रूल 193 के तहत चर्चा के लिए नोटिस दिया है, वे सत्तारूढ़ पार्टियां नहीं हैं। वे पार्टियां, जो मेरे पास रूल 193 के तहत चर्चा का प्रपोजल लेकर आयी थीं, वे भी बोल रहे हैं कि क्या हमारी कोई वैल्यू नहीं है? They also have their voices. I have said, let it be. I am ready today and that day also I said I am ready. मैं आज भी सब कुछ छोड़कर If you want just now without any rule.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : बिना किसी नियम के भी आप तुरन्त चर्चा शुरू कर सकते हैं। Just now also I am ready without any rule, if you want. Why are you asking for some rule? आप लोग तुरन्त चर्चा शुरू करें।

...(*Interruptions*)

<u>11.06 hours</u>

(*At this stage, Shri Kalyan Banerjee, Shri Anto Antony and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*)